an>

Title: Regarding reported death of farmers caused by lightning in Jaluan Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके संज्ञान में एक हृदय विदारक घटना लाना चाहता हूं। बुंदेलखंड क्षेत्र में मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन में घरोठा, भुवनीपुर, वहां झांसी जिले में घरोठा तहसील में 28 तारीख की शाम को आकाशीय बिजली गिरने से वहां करीब चार किसानों की मृत्यु हो गई और आधा दर्जन लोग घायल हुए। घरोठा तहसील में राम दयाल सुपुत्र राम भरोसे, जिसकी उम्र 55 साल थी, वह अपने परिवार के साथ खेत पर काम कर रहा था। पूरा का पूरा परिवार झोंपड़ी में बैठा था। उस वक्त वहां आकाशीय बिजली गिरी। इसमें यह हुआ कि सौभाग्य से उसकी पत्नी अपने बकरी को लाने के लिए झोंपड़ी से बाहर चली गई इसलिए सिर्फ वह बच गई, बाकी सारा परिवार बिजली गिरने से खत्म हो गया। इसी तरह रोहित यादव सुपुत्र देव सिंह जो 11 साल का था, वह उन्हें खाना देने गया था। वह भी उस दुर्घटना में मौत का शिकार हो गया। साथ में उस गांव के लोग जो आसपास खेतों में काम कर रहे थे, बिजली गिरने से घायल हो गए। इनमें लाल सिंह सुपुत्र चन्द्रभान जो नेपाल के रहने वाले हैं, बल्लू पुष्करण सिंह, भोले मंटोले घायल हो गए। इनके कपड़े जल गए और नाक तथा मुंह से खून आने लगा। मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि मेरे क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से हुई इस दुर्घटना में जो लोग मारे गए, उनके आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपए और जो घायल हुए हैं, उन्हें दो-दो लाख रुपए इलाज इत्यादि के लिए दिए जाएं।

माननीय अध्यक्ष: श्री हरिनारायण राजभर - उपस्थित नहीं।